गणित

अध्याय-6: अवकलज के अनुप्रयोग

SHIVOM CLASSES 8696608541

राशियों के परिवर्तन की दर (Rate of Change of Quantities)

माना कि x और y दो राशियाँ ऐसी हैं कि y का मान x के मान पर निर्भर करता है तथा यह निर्भरता सम्बन्ध y = f(x) के द्वारा निरूपित की जाती है, जहाँ f निर्भरता के स्वरूप को प्रकट करता है।

माना x में वृद्धि δx के संगत y में δy वृद्धि होती है। तब, चर x के सापेक्ष चर y के परिवर्तन की औसत दर = $\frac{\delta y}{\delta x}$

अनुपात $\frac{\delta y}{\delta x}$ की सीमा जब $\delta x \rightarrow$, x के सापेक्ष y में तात्कालिक परिवर्तन की दर को निरूपित करता है। इसे $\frac{dy}{dx}$ या f'(x) से सूचित करते हैं। $x = x_0$ पर f'(x) का मान $f'(x_0), x=x_0$ पर x के सापेक्ष y में परिवर्तन की दर को निरूपित करता है।

पुनः यदि x और y दोनों, तीसरे चर t के सापेक्ष परिवर्तित होते हैं अर्थात् x और y,t के फलन हैं, तब

$$\boxed{\frac{dy}{dt}=\frac{dy}{dx}\cdot\frac{dx}{dt}=f'(x)\frac{dx}{dt}}$$

उपर्युक्त सूत्र द्वारा एक चर के परिवर्तन की दर की गणना की जा सकती है यदि दूसरे चर के परिवर्तन की दर ज्ञात हो।

उदाहरण

उदाहरण: एक आदमी जिसकी ऊँचाई 180 सेमी है, एक बिजली के खम्भे से 12 मीटर प्रति सेकण्ड की दर से पीछे हट रहा है। यदि बिजली के खम्भे की ऊंचाई 4.5 मीटर है, तो वह दर ज्ञात कीजिए जिस पर-

(i) उसकी छाया बढ़ रही है,

(ii) छाया की छोर गति कर रही है।

हल: माना AB बिजली का खम्भा है, PQ आदमी है, Qc=x उसकी छाया है तथा t समय पर आदमी की बिजली के खम्भे से दूरी BQ = y है। तब,

$\frac{dy}{dt}$ =1.2 वह दर है जिस पर आदमी बिजली के खम्भे से दूर हट रहा है तथा $\frac{dx}{dt}$ वह दर है जिस पर छाया बढ़ रही है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

C छाया की छोर है जो बिजली के खम्भे से x+y दूरी पर है।

$$\therefore \quad \frac{d}{dt}(x+y)=\frac{dx}{dt}+\frac{dy}{dt}$$

वह दर है जिस पर छाया की छोर गति कर रही है।



चित्रानुसार t समय पर,

$$\frac{x}{1\cdot 8}=\frac{x+y}{4\cdot 5}$$

$$\Rightarrow \quad 45x=18x+18y$$

$$\Rightarrow \quad 27x=18y \Rightarrow \quad 3x=2y$$

$$\Rightarrow \quad x=\frac{2}{3}y$$

$$\therefore \quad \frac{dx}{dt}=\frac{2}{3}\frac{dy}{dt}$$

$$=\frac{2}{3}(1\cdot 2)=0\cdot 8 \text{ मीटर प्रति सेकण्ड}$$

तथा $\frac{dx}{dt}+\frac{dy}{dt}=0\cdot 8+1\cdot 2=2$ मीटर प्रति सेकण्ड।

अतः (i) छाया 0.8 मीटर प्रति सेकण्ड की दर से बढ़ रही है तथा (ii) छाया की छोर बिजली के खम्भे से 2 मीटर प्रति सेकण्ड की दर से पीछे हट रही है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उदाहरण: एक घन की कोर 7 सेमी/सेकण्ड की दर से बढ़ रही है। जब घन की कोर 10 सेमी लम्बी है, तब घन का आयतन किस दर से बढ़ रहा है?

हल: माना घन की कोर a है। यदि समय t पर उसका आयतन V हो, तो

$$V = a^3 \qquad ...(1)$$

t के सापेक्ष घन के कोर में वृद्धि की दर

$$\frac{da}{dt} = 7 \text{ सेमी/सेकण्ड} \qquad ...(2)$$

t के सापेक्ष घन के आयतन में वृद्धि की दर

$$\frac{dV}{dt} = \frac{d(a^3)}{dt}, \qquad \text{[समी. (1) से]}$$

$$= \frac{d}{da}(a^3)\frac{da}{dt} = 3a^2.7,$$

[समी. (2) से]

$$= 21a^2$$

घन के आयतन में वृद्धि की दर जबकि $a = 10$ सेमी

$$\frac{dV}{dt} = 21a^2 = 21 \times (10)^2$$

$$= 2100 \text{ सेमी}^3\text{/सेकण्ड।}$$

वर्धमान फलन (Increasing Functions)

एक फलन f(x) वर्धमान कहलाता है यदि अंतराल I में x के बढ़ते मानों के संगत इसका मान बढ़ते हुए हो, जिसमें f(x) परिभाषित हो,f(x) का मान कभी भी नहीं घटता है,

अर्थात् $x_1 < x_2$

$$\Rightarrow f(x_1) \le f(x_2), \forall x_1, x_2 \in I$$

फलन f(x) अन्तराल I में वस्तुतः वर्धमान फलन कहलाता है यदि x के बढ़ते मानों के संगत f(x) भी बढ़ते हुए हों,

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अर्थात् $x_1 < x_2$

$$\Rightarrow f(x_1) < f(x_2), \forall x_1, x_2 \in I$$



वस्तुतः वर्धमान फलन खुले अन्तराल में हमेशा उस अन्तराल में वर्धमान होता है। खुले अन्तराल में वर्धमान फलन उस अन्तराल में वस्तुतः वर्धमान फलन नहीं हो सकता है। उपर्युक्त चित्र में अन्तराल (a,d) में फलन y= f(x) वर्धमान है। किन्तु यह (a,d) में वस्तुतः वर्धमान नहीं है। यह (a, b) और (c, d) में वस्तुतः वर्धमान फलन है।



ज्यामितीय रूप से वस्तुतः वर्धमान फलन का अर्थ है कि हम (a, b) में वक्र के अनुदिश बायें से दायें जाते हैं तो वक्र ऊपर की ओर बढ़ता है। इस स्थिति में x का विचलन R और f(x)

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

के संगत विचलन f(x+h)-f(x) का चिन्ह एकसमान होता है, अर्थात् वे या तो धनात्मक या ऋणात्मक होंगे, इस प्रकार हैं

$$f'(x) = \lim_{h\to 0} \frac{f(x+h)-f(x)}{h}$$

हमेशा धनात्मक होता है।

विलोमतः यदि f"(x) धनात्मक है, तब h के छोटे मान के लिये भी f(x+h)-f(x) तथा h के चिन्ह समान होते हैं।

अर्थात् यदि h>0, तब x+h>x ⇒ f(x+h) > f(x) तथा h<0, तब x+h<x ⇒ f(x+h)<f(x). इससे स्पष्ट है कि f(x), x का वर्धमान फलन है।

दूसरे रूप में, चित्र से स्पष्ट है कि f(x), (a.b), में वर्धमान फलन है, तब वक्र y= f(x) के किसी बिन्दु पर खींची गई स्पर्श रेखा X-अक्ष की धन दिशा के साथ न्यून कोण θ बनाती है।

$$\therefore \tan\theta > 0 \Rightarrow \frac{dy}{dx} > 0 \text{ या } f'(x) > 0, \forall x \in (a,b).$$

ह्रासमान फलन (Decreasing Functions)

एक फलन f(x) ह्रासमान फलन कहलाता है, यदि अन्तराल में के बढ़ते मान के संगत जो परिभाषित हों, y का मान कभी भी बढ़ते हुए नहीं होता है अर्थात्

$$x_1 < x_2 \Rightarrow f(x_1) \geq f(x_2), \forall x_1, x_2 \in I$$

फलन f(x) अन्तराल I में वस्तुतः ह्रासमान फलन कहलाता है, यदि x के बढ़ते मान के संगत f(x) का मान हमेशा घटते हुए होता है अर्थात्

$$x_1 < x_2 \Rightarrow f(x_1) > f(x_2)$$

वस्तुतः ह्रासमान फलन खुले अन्तराल में हमेशा उस अन्तराल में घटते हुये होता है। खुले अन्तराल में ह्रासमान फलन उस अन्तराल में वस्तुतः ह्रासमान फलन नहीं हो सकता है। चित्र से स्पष्ट है कि (a,d) में y = f(x) ह्रासमान फलन है, किन्तु यह (a,d) में वस्तुतः ह्रासमान नहीं है। यह(a,b) और (c,d).में वस्तुतः ह्रासमान है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



ज्यामितीय रूप में वस्तुतः ह्रासमान फलन का अर्थ है कि (a,b) में वक्र के अनुदिश बायें से दायें जाते हैं तो वक्र गिरता है। इस स्थिति में x का विचलन h के संगत f(x) का विचलन f(x+h)-f(x) का चिन्ह विपरीत होता है, इस प्रकार है-

$$f'(x) = \lim_{h \to 0} \frac{f(x+h) - f(x)}{h}$$

हमेशा ऋणात्मक होता है।



विलोमतः यदि f"(x) ऋणात्मक है, तब सर्वप्रथम हम सिद्ध करेंगे कि f(x),x का ह्रासमान फलन है।

दूसरे रूप में, चित्र से स्पष्ट है कि अन्तराल (a,b)में ह्रासमान फलन है, तब वक्र y= f(x) के किसी बिन्दु पर खींची गई स्पर्श रेखा X-अक्ष के धन दिशा के साथ अधिक कोण θ बनाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

$$\tan\theta<0 \Rightarrow \frac{dy}{dx}<0 \Rightarrow f'(x)<0, \forall x \in (a,b).$$

नोट-

(i) एक फलन f(x)अन्तराल (a,b) में एकदिष्ट कहलाता है, यदि यह या तो वर्धमान हो या ह्रासमान हो।

(ii) एक फलन f(x) बिन्दु x_0 पर वर्धमान (ह्रासमान) कहलाता है, यदि यह अन्तराल (x_o - h,x_o +h) में x_o इस प्रकार है कि f(x),(x_o -h,x_o +h) में वर्धमान (ह्रासमान) है।

(iii) एक फलन f(x),[a,b] पर वर्धमान (ह्रासमान) कहलाता है यदि यह (a,b) पर वर्धमान (ह्रासमान) है और यह x = a और x = b पर भी वर्धमान (ह्रासमान) हो।

(iv) फलन f(x)के लिये x =x_0 के मान को क्रान्तिक मान कहते हैं यदि या तो f'(x) = 0 या f'(x) विद्यमान नहीं है। बिन्दु [x_o.f(x_o)] वक्र y=f(x) के क्रान्तिक बिन्दु कहलाती है।

(v) याद रखने योग्यः

क्र.	I में $f'(x)$ का मान	I में $f(x)$ की प्रवृत्ति
(i)	≥ 0	वर्धमान
(ii)	>0	वस्तुतः वर्धमान
(iii)	≤ 0	ह्रासमान
(iv)	<0	वस्तुतः ह्रासमान
(v)	$=0$	अचर

फलन f(x) के वर्धमान या ह्रासमान ज्ञात करने की कार्यविधि

फलन f(x) वर्धमान या ह्रासमान है, तो अन्तराल ज्ञात करना

(i) f'(x) ज्ञात करना।

(ii) f"(x)= 0 रखकर f(x) के क्रान्तिक मान ज्ञात करना।

f(x) के प्रान्त को इन क्रान्तिक मानों से विभिन्न खुले अन्तरालों में विभाजित करते हैं, जहाँ f(x) या तो वर्धमान या ह्रासमान होगा।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(iii) यदि n क्रान्तिक बिन्दु है तो सामान्य रूप में (n+1) अन्तराल होंगे।

(iv) प्रत्येक अन्तराल में f(x) का चिन्ह ज्ञात करते हैं। इससे फलन f(x) की प्रकृति जानी जाती है।

स्पर्श रेखाएँ एवं अभिलम्ब

प्रस्तावना (Introduction)- हम देख चुके हैं कि वक्र के किसी बिन्दु पर स्पर्श रेखा का ढाल (प्रवणता) उस बिन्दु पर अवकलज के मान के बराबर होता है। अवकलज के इस ज्यामितीय महत्त्व का उपयोग हम स्पर्श रेखाओं के समीकरण, अभिलंब तथा दो वक्रों के बीच का कोण, ज्ञात करने में करेंगे।

व्यंजक-माना P(x,y) तथा Q(x+6x,y+6y), वक्र by = f(x) पर दो बिन्दु हैं, जो कि चित्र में दर्शाया गया है। जब



बिन्दु Q वक्र के अनुदिश चलकर, बिन्दु P के अत्यंत नजदीक प्रवृत्त होता है, तब जीवा PQ की सीमान्त स्थिति बिन्दु P पर वक्र की स्पर्श रेखा कहलाती है। जीवा PQ का समीकरण है

$$Y-y=\frac{(y+\delta y)-y}{(x+\delta x)-x}(X-x)$$

अथवा

$$Y-y=\frac{\delta y}{\delta x}(X-x)$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

अब, $P(x,y)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण है,

$$Y-y=\lim_{\delta x\to 0}\frac{\delta y}{\delta x}(X-x)$$

अथवा

$$Y-y=\frac{dy}{dx}(X-x)$$

यदि (x_1,y_1) बिन्दु P का निर्देशांक है, तब स्पर्श रेखा का समीकरण होगा,

$$Y-y_1=\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}.(X-x_1)$$

जहाँ, $\tan\psi=\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}$

नोट—(i) वक्र के बिन्द (x_1,y_1) पर स्पर्श रेखा, X-अक्ष के समांतर होगी,यदि $\psi=0$

$$\Rightarrow \quad \tan\psi=0$$

$$\Rightarrow \quad \left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}=0$$

और इसका समीकरण है $Y-y_1=0$

(ii) बिन्दु (x_1,y_1) पर स्पर्श रेखा, X-अक्ष के लंबवत् होगी, यदि $\psi=\frac{\pi}{2}$

$$\Rightarrow \quad \tan\psi=\infty$$

$$\Rightarrow \quad \left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)}=\infty$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\Rightarrow \qquad \left(\frac{dx}{dy}\right)_{(x_1,y_1)} = 0$$

और इसका समीकरण है $x - x_1 = 0$.

उदाहरण:

उदाहरण: दर्शाइए कि वक्र $x = y^2$ और $xy = k$ एकदूसरे को समकोण पर काटते हैं यदि $8k^2=1$.

हल: दत्त वक्रों के समीकरण हैं

$x = y^2$ ...(1)

और $xy = k$ ...(2)

समी. (1) से x के मान को समी. (2) में रखने पर,

$$y^3 = k \Rightarrow y = k^{1/3}$$

$\therefore$ समी. (1) से, $x = k^{2/3}$

$\therefore$ दो वक्रों के प्रतिच्छेद बिन्दु $(k^{2/3}, k^{1/3})$ हैं।

समी. (1) का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$1 = 2y\frac{dy}{dx} \Rightarrow \frac{dy}{dx} = \frac{1}{2y}$$

$\therefore \left(\frac{dy}{dx}\right)_1$ बिन्दु $(k^{2/3}, k^{1/3})$ पर $= \frac{1}{2k^{1/3}}$

इसी प्रकार, समी. (2) का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$x\frac{dy}{dx} + y.1 = 0 \Rightarrow \frac{dy}{dx} = -\frac{y}{x}$$

$\therefore \left(\frac{dy}{dx}\right)_2$ बिन्दु $(k^{2/3}, k^{1/3})$ पर $= -\frac{k^{1/3}}{k^{2/3}} = -\frac{1}{k^{1/3}}$

दिये गये वक्र समकोण पर प्रतिच्छेद करेंगे यदि,

$$\left(\frac{dy}{dx}\right)_1 \left(\frac{dy}{dx}\right)_2 = -1$$

$$\Rightarrow \qquad \frac{1}{2k^{1/3}} \times \left(-\frac{1}{k^{1/3}}\right) = -1 \Rightarrow \frac{1}{2k^{2/3}} = 1$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

$$\Rightarrow \quad 2k^{2/3} = 1 \Rightarrow (2k^{2/3})^3 = 1^3$$

$$\Rightarrow \quad 8k^2 = 1.$$

यही सिद्ध करना था।

उदाहरण: वक्र $y=x^3-2x^2-x$ पर उन बिन्दुओं को ज्ञात कीजिए, जिन पर स्पर्श रेखाएं, रेखा $y=3x-2$ के समान्तर हैं।

हल- माना अभीष्ट बिन्दु (x_1,y_1) है। दत्त वक्र है,

$$y = x^3 - 2x^2 - x \qquad ...(1)$$

$$\therefore \quad \frac{dy}{dx} = 3x^2 - 4x - 1$$

$$\therefore \quad \left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)} = 3x_1^2 - 4x_1 - 1$$

दी हुई रेखा $y=3x-2$ की प्रवणता 3 है।

$\therefore$ बिन्दु (x_1,y_1) पर स्पर्श रेखा दत्त सरल रेखा के समान्तर है।

$$\therefore \quad 3x_1^2 - 4x_1 - 1 = 3$$

$$\Rightarrow \quad 3x_1^2 - 4x_1 - 4 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 3x_1^2 - 6x_1 + 2x_1 - 4 = 0$$

$$\Rightarrow 3x_1(x_1 - 2) + 2(x_1 - 2) = 0$$

$$\Rightarrow \quad (x_1 - 2)(3x_1 + 2) = 0$$

$$\therefore \quad x_1 = 2, -\frac{2}{3}.$$

चूँकि, बिन्दु (x_1,y_1) वक्र (1) पर स्थित है, अतएव

$$y_1 = x_1^3 - 2x_1^2 - x_1$$

$\therefore$ **जब** $x_1 = 2$, **तब** $\quad y_1 = 2^3 - 2(2)^2 - 2 = -2$

और जब $x_1 = -\frac{2}{3}$, **तब** $y_1 = \left(-\frac{2}{3}\right)^3 - 2\left(-\frac{2}{3}\right)^2 + \frac{2}{3}$

$$= -\frac{8}{27} - \frac{8}{9} + \frac{2}{3} = -\frac{14}{27}$$

अतः अभीष्ट बिन्दु (2,–2) और $\left(-\frac{2}{3},\frac{-14}{27}\right)$ हैं।

उदाहरण: वक्र $x^2+2y^2-4x-6y+8=0$ के उस बिन्दु पर अभिलंब का समीकरण ज्ञात कीजिए, जिसका भुज 2 है।

हल: वक्र का समीकरण है-

$$x^2+2y^2-4x-6y+8=0 \qquad ...(1)$$

समी. (1) में $x=2$ रखने पर,

$$2^2+2y^2-4\times2-6y+8=0$$

$$\Rightarrow \quad 2y^2-6y+4=0 \Rightarrow y^2-3y+2=0$$

$$\Rightarrow \quad (y-1)(y-2)=0,$$

$$\therefore \quad y=1,2$$

इस प्रकार, हमें बिन्दु (2,1) और (2,2) पर अभिलम्बों के समीकरण ज्ञात करना है।

अब, समी. (1) को x के सापेक्ष अवकलित करने पर,

$$2x+4y\frac{dy}{dx}-4-6\frac{dy}{dx}=0$$

$$\Rightarrow \quad \frac{dy}{dx}(4y-6)=4-2x$$

$$\Rightarrow \frac{dy}{dx}=\frac{4-2x}{4y-6}=\frac{2-x}{2y-3}$$

इस प्रकार, (2,1) पर अभिलम्ब की प्रवणता,

$$\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(2,1)}=\frac{2-2}{2\times1-3}=0$$

∴ (2,1) पर अभिलम्ब का समीकरण है-

$$\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(2,1)}(y-1)+(x-2)=0$$

$$\Rightarrow 0.(y-1)+(x-2)=0, \text{ अर्थात् } x=2.$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अब, (2,2) पर अभिलम्ब की प्रवणता

$$\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(2,2)} = \frac{2-2}{2\times2-3} = 0$$

∴ (2, 2) पर अभिलम्ब का समीकरण है—

$$\left(\frac{dy}{dx}\right)_{(2,2)} (y-2)+(x-2)=0$$

$\Rightarrow \quad 0.(y-2)+(x-2)=0$, अर्थात् $x=2$.

उदाहरण: वक्र $3x^2 - y^2 = 8$ पर अभिलम्ब का समीकरण ज्ञात कीजिए, जो रेखा $x+3y=4$ के समान्तर है।

हल: माना (x_1,y_1) वक्र

$3x^2 - y^2 = 8$ ....(1)

पर एक ऐसा बिन्दु है, जिस पर अभिलम्ब दत्त रेखा

$x+3y=4 \Rightarrow y=-\frac{1}{3}x+4/3$ के समान्तर है। रेखा की प्रवणता $-1/3$ है।

अब, समी. (1) को x के सापेक्ष अवकलित करने पर,

$$6x-2y\frac{dy}{dx}=0 \Rightarrow \frac{dy}{dx}=\frac{3x}{y}$$

$$\therefore \quad \left(\frac{dy}{dx}\right)_{(x_1,y_1)} = \frac{3x_1}{y_1}$$

∴ (x_1, y_1) पर अभिलम्ब की प्रवणता $= \frac{-y_1}{3x_1}$

∵ (x_1,y_1) पर अभिलम्ब दत्त रेखा के समान्तर है।

∴ अभिलम्ब की प्रवणता = रेखा की प्रवणता

$$\Rightarrow \quad \frac{-y_1}{3x_1} = \frac{-1}{3} \Rightarrow y_1 = x_1 \quad ...(2)$$

∵ बिन्दु (x_1,y_1) समी. (1) पर स्थित है,

$$\therefore \quad 3x_1^2 - y_1^2 = 8 \quad ...(3)$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

समी. (2) से y_1 का मान समी. (3) में रखने पर, हमें प्राप्त होता है—

$$3x_1^2 - x_1^2 = 8 \Rightarrow 2x_1^2 = 8 \Rightarrow x_1^2 = 4 \Rightarrow x_1 = \pm 2$$

$\therefore$ समी. (2) से, $y_1 = (2, -2)$

$\therefore$ वक्र पर स्थित बिन्दु (2, 2) और (– 2,–2) हैं।

अब, (2, 2) पर अभिलम्ब का समीकरण है—

$$y - 2 = -\frac{1}{3}(x-2) \Rightarrow x + 3y = 8$$

तथा (– 2, – 2) पर अभिलम्ब का समीकरण है—

$$y + 2 = -\frac{1}{3}(x+2) \Rightarrow x + 3y + 8 = 0.$$

अवकल, त्रुटियाँ एवं सन्निकटन

पूर्व में ही हम y का x के सापेक्ष अवकल गुणांक परिभाषित कर चुके हैं, अर्थात् $\frac{dy}{dx} = \lim_{\delta x \to 0} \frac{\delta y}{\delta x}$ तथा $\frac{dy}{dx}$ को प्रतीक माना गया है, न कि dy का dx से विभाजन। यहाँ, हम प्रतीकों dx और dy का अर्थ बतायेंगे जिससे कि प्रतीक $\frac{dy}{dx}$ का मौलिक अर्थ तथा dy का dx से विभाजन समान हों।

माना y =f(x),x का एक फलन है तथा δx,x में किया गया थोड़ा परिवर्तन है और इसके संगत y में परिवर्तन δy है। तब हम जानते हैं कि

$$\lim_{\delta x \to 0} \frac{f(x+\delta x) - f(x)}{\delta x} = f'(x)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{f(x+\delta x) - f(x)}{\delta x} = f'(x) + \varepsilon,$$

(जहाँ $\varepsilon \to 0$, जब $\delta x \to 0$)

$$\Rightarrow \quad f(x+\delta x) - f(x) = f'(x)\delta x + \varepsilon \delta x$$

$$\Rightarrow \quad \delta y = f'(x)\delta x + \varepsilon \delta x, \qquad ...(1)$$

$[\because f(x+\delta x) - f(x) = \delta y]$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

चूँकि $\delta x \to 0$, $\varepsilon \to 0$ और इसका गुणन x अत्यन्त सूक्ष्म होने के कारण छोड़ा जा सकता है, इसलिए δy का मुख्य मान है-

$\delta y = f'(x)\delta x$ ....(2)

यदि $\delta x, x$ के मान ज्ञात करने में की गयी एक त्रुटि हो तब सूत्र (2) से हम y अथवा f(x) में त्रुटि δy का मान ज्ञात कर सकते हैं बशर्ते कि त्रुटि δx ज्ञात हो। यांत्रिकी, भौतिकी, सांख्यिकी तथा विज्ञान की कई अन्य शाखाओं में त्रुटि सिद्धान्त में, इस सूत्र का अत्यन्त महत्त्व है।

कुछ महत्त्वपूर्ण पारिभाषिक शब्द

निरपेक्ष त्रुटि- x में त्रुटि δx, निरपेक्ष त्रुटि कहलाती है।

सापेक्ष अथवा अनुपातिक त्रुटि- यदिx में त्रुटि δx है तब $\frac{\delta x}{x}$, x में सापेक्ष त्रुटि कहलाती है।

प्रतिशत त्रुटि- यदि x में त्रुटि δx है तब $\frac{\delta x}{x} \times 100$, x में प्रतिशत त्रुटि कहलाती है।

अवकल- यदि फलन y =f(x) का बिन्दु x पर अवकलज f(x) है, तब अवकलज f'(x) तथा वृद्धि δx का गुणनफल, फलन का अवकल कहलाता है और प्रतीक dy द्वारा निरूपित किया जाता है।

$$dy = f'(x)\delta x \qquad ...(3)$$

x का अवकल,

$$dx = \frac{dx}{dx}\delta x$$

$$\Rightarrow \qquad dx = \delta x$$

इस प्रकार, स्वतन्त्र चर x का अवकल dx चर x में वृद्धि δx के बराबर है। हम समी. (2) को हमेशा इस प्रकार लिख सकते हैं-

$$dy = f'(x)dx$$

अथवा $$f'(x) = \frac{dy}{dx}$$

अतः अवकलज f'(x) को फलन के अवकल तथा चर के अवकल के अनुपात के बराबर माना जा सकता है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

क्रियाविधि

1. स्वतन्त्र चर में लघु परिवर्तन के संगत परतन्त्र चर में सन्निकट परिवर्तन ज्ञात करने की निम्न क्रियाविधि है-

(i) माना x तथा $x+\delta x$ स्वतन्त्र चर का क्रमशः प्रारम्भिक और परिवर्ती मान हैं।

(ii) δx ज्ञात कीजिए तथा मान लीजिए कि $dx = \delta x$

(iii) दिये हुए सम्बन्ध से, $y=f(x)$ ज्ञात कीजिए।

(iv) बिन्दु (x.y) पर $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

(v) सूत्र $dy = \frac{dy}{dx}.dx$ द्वारा dy ज्ञात कीजिए।

(vi) y में सन्निकट परिवर्तन δy को dy के स्थान पर δy रखकर ज्ञात करें।

2. अवकल के उपयोग से सन्निकट मान ज्ञात करने की क्रियाविधि निम्न है-

(i) दिये हुए प्रश्न के अनुसार स्वतन्त्र चर x और परतन्त्र चर y में फलनक सम्बन्ध स्थापित कीजिए।

उदाहरण के लिए, किसी संख्या का घनमूल ज्ञात करने के लिए, हम फलनक सम्बन्ध $y = x^{\frac{1}{3}}$ परिभाषित करते हैं, किसी कोण की ज्या ज्ञात करने का फलनक सम्बन्ध $y=\sin x$ है।

(ii) दिये हुए मान के निकटस्थ x के मान को इस प्रकार लेते हैं कि परिकलन सरलतापूर्वक किया जा सके।

उदाहरण के लिए, $(28)^{\frac{1}{3}}$ का सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए हम $x = 27$ लेते हैं चूंकि 27 का घनमूल सरलता से ज्ञात किया जा सकता है।

(iii) दिये हुए मान को $x+\delta x$ द्वारा निरूपित कीजिए।

(iv) δx ज्ञात कीजिए तथा $\delta x = dx$ रखिए।

(v) चरण (i) में प्राप्त सम्बन्ध से $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

(vi) चरण (ii) में माने गये x के मान को प्रतिस्थापित करके $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

(vii) dy ज्ञात करने के लिए सम्बन्ध $dy = \frac{dy}{dx}.dx$ का उपयोग कीजिए।

(viii) δy द्वारा dy को प्रतिस्थापित कीजिए।

(ix) चरण (ii) में लिए गये x के मान को चरण (i) में प्राप्त सम्बन्ध में रखकर y का मान ज्ञात कीजिए।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(x) तब y का सन्निकट मान है

$y+\delta y= f(x)+f'(x)\delta x$.

उच्चिष्ठ एवं निम्निष्ठ (Marima and Minima)

अपने प्रान्त में एक फलन का महत्तम एवं न्यूनतम मान

महत्तम मान- एक फलन f(x) अपने प्रान्त D में एक बिन्दु $a \in D$ पर महत्तम प्राप्त होता है, यदि D में प्रत्येक x के लिए, $f(a)\geq f(x)$ इस स्थिति में, f(a) प्रान्त D में फलन f(x) का महत्तम मान अथवा परम उच्चिष्ठ मान कहलाता है तथा 'a' फलन (x) का D में महत्तम अथवा उच्चिष्ठ बिन्दु कहलाता है।



संलग्न चित्र में x = a, फलन f(x) का अपने प्रान्त में उच्चिष्ठ बिन्दु है तथा f(a) फलन f(x) का प्रान्त D में महत्तम (उच्चिष्ठ) मान है, जो कि चित्र से स्पष्ट है कि,

$$f(a)>f(x_1)$$

और $$f(a)>f(x_2)$$

तथा प्रान्त D के अन्य बिन्दुओं के लिए भी।

न्यूनतम मान- एक फलन f(x) अपने प्रान्त D में एक बिन्दु $a \in D$ पर न्यूनतम (निम्निष्ठ) मान रखता है, यदि प्रत्येक $x \in D$ के लिए, $f(a)<f(x)$। इस स्थिति में, f(a) फलन f(x) का D में न्यूनतम मान अथवा परम निम्निष्ठ मान कहलाता है तथा 'a' फलन f(x) का D में न्यूनतम बिन्दु कहलाता है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



संलग्न चित्र में x=a, f(x) का अपने प्रान्त D में न्यूनतम बिन्दु तथा f(a) न्यूनतम मान है, जो कि चित्र से स्पष्ट है कि

$$f(a)<f(x_1)$$

तथा $$f(a)<f(x2)$$

प्रान्त के अन्य सभी बिन्दुओं के लिए भी।

स्थानीय उच्चिष्ठ और स्थानीय निम्निष्ठ

पूर्व अनुच्छेद में हमने अपने प्रान्त में एक फलन के अधिकतम और न्यूनतम मानों का अध्ययन किया। प्रान्त में कुछ ऐसे बिन्दु होते हैं, जिन पर फलन का मान न अधिकतम होता है और न न्यूनतम, परंतु इन बिन्दुओं पर फलन का मान इन बिन्दुओं के छोटे सामीप्य में फलन के मानों से या तो कम होता है या अधिक। इस प्रकार के बिन्दुओं को स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु कहते हैं। अब हम स्थानीय उच्चिष्ठ या निम्निष्ठ का अध्ययन करेंगे। ।

स्थानीय उच्चिष्ठ- एक फलन बिन्दु x = a पर स्थानीय उच्चिष्ठ रखता है यदि फलन f(x) का x = a पर मान, बिन्दु 'a' के लघु सामीप्य में फलन के मानों से बड़ा हो। अन्य शब्दों में, यदि h>0, कितना भी छोटा हो, का अस्तित्व इस प्रकार हो कि f(x) अंतराल (a-h,a) में वर्धमान तथा अंतराल (a,a+h) में ह्रासमान हो।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



चित्र में, फलन f(x) का x=a एक स्थानीय उच्चिष्ठ बिन्दु तथा f(a) एक स्थानीय उच्चिष्ठ मान है।

स्थानीय उच्चिष्ठ को आपेक्षिक उच्चिष्ठ या केवल उच्चिष्ठ भी कहते हैं।

स्थानीय निम्निष्ठ- एक फलन f(x) बिन्दु x=a पर स्थानीय निम्निष्ठ रखता है, यदि x = a पर फलन का मान 'a' के लघु सामीप्य में फलन के अन्य मानों से छोटा हो।

अन्य शब्दों में, यदि h > 0 कितना भी छोटा हो, का अस्तित्व इस प्रकार हो कि फलन f(x) अंतराल (a-h, a) में ह्रासमान तथा अंतराल (a, a+h) में वर्धमान हो।



संलग्न चित्र में, x = a एक फलन f(x) का एक स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु तथा f(a) स्थानीय निम्निष्ठ मान है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

एक स्थानीय निम्निष्ठ मान को आपेक्षिक निम्निष्ठ मान या केवल निम्निष्ठ मान भी कहते हैं।

नीचे दर्शाये गये फलन y= f(x) के आलेख की विशिष्टताएँ निम्नलिखित हैं-

उच्चिष्ठ बिन्दु- a_1, a_3, a_5.

निम्निष्ठ बिन्दु- a_2, a_4, a_6.

(i) फलन f(x) के स्थानीय उच्चिष्ठ मान बिन्दुओं $x = a_1, a_3, a_5$ पर हैं तथा इसके संगत स्थानीय उच्चिष्ठ मान $f(a_1)$, $f(a_3)$, $f(a_5)$ हैं।



(ii) फलन f(x) के स्थानीय निम्निष्ठ मान बिन्दुओं $x = a_2, a_4, a_6$ पर हैं तथा इनके संगत स्थानीय निम्निष्ठ मान $f(a_2),f(a_4),f(a_6)$ हैं।

(iii) दो स्थानीय उच्चिष्ठ मानों के बीच एक स्थानीय निम्निष्ठ मान का अस्तित्व होता है, इसी प्रकार दो स्थानीय निम्निष्ठ मानों के बीच एक स्थानीय उच्चिष्ठ का अस्तित्व होता है।

(iv) कुछ बिन्दुओं पर स्थानीय निम्निष्ठ मान फलन के स्थानीय उच्चिष्ठ मान से अधिक हो सकता है। चित्र में, $x = a_4$ पर स्थानीय निम्निष्ठ मान $x = a_1$ पर स्थानीय उच्चिष्ठ मान से बड़ा है, अर्थात्

$$f(a_4) > f(a_1).$$

चरम मानों के लिए आवश्यक शर्त

प्रमेय-एक फलन f(x) के x = a पर स्थानीय चरम मान रखने की आवश्यक शर्त है, कि $f''(a)=0$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रमाण- हमें दो स्थितियाँ प्राप्त होती हैं

स्थिति I. जब f(a) एक अधिकतम मान है, प्रत्येक छोटी संख्या h>0 के लिए

f(a) > f(a-h) या f(a) > f(a+h)

= f(a-h)-f(a)<0 या f(a+h)-f(a)<0 ....(1)

इसलिए,

$$Lf'(a) = \lim_{h\to 0} \frac{f(a-h)-f(a)}{-h} > 0 \quad ....(2)$$

और $$Rf'(a) = \lim_{h\to 0} \frac{f(a-h)-f(a)}{-h} < 0 \quad ...(3)$$

चूँकि f'(a) का अस्तित्व है,

अतः Lf'(a) = Rf'(a)

अब समी. (2) और (3) से, f'(a)= 0.

स्थिति II. जब f(a) न्यूनतम मान हो।

प्रत्येक छोटी संख्या h>0 के लिए

$f(a) < f(a-h)$ या $f(a) < f(a+h)$

$\Rightarrow \; f(a-h)-f(a) > 0$ या $f(a+h)-f(a) > 0$

...(4)

इसलिए, $$Lf'(a) = \lim_{h\to 0} \frac{f(a-h)-f(a)}{h} < 0 \quad ...(5)$$

और $$Rf'(a) = \lim_{h\to 0} \frac{f(a+h)-f(a)}{h} > 0 \quad ...(6)$$

चूँकि f'(a) का अस्तित्व है, अतः Lf'(a) = Rf"(a) अब समी. (5) एवं (6) से, f"(a) = 0.

नोट-

(i) हम जानते हैं कि स्पर्श रेखा का ढाल (प्रवणता) उस बिन्दु पर अवकलज के मान के बराबर होता है अर्थात् tanø= f'(a)= 0 अतः चरम बिन्दुओं पर स्पर्श रेखा X-अक्ष के समान्तर होती है। पिछले चित्र में बिन्दुओं A_1, A_2, ..., A_6 पर स्पर्श रेखायें X-अक्ष के समान्तर हैं।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



(ii) $f'(a)=0$ आवश्यक शर्त तो है, परंतु पर्याप्त शर्त नहीं है कि फलन $f(x), x = a$ पर चरम मान रखता है। उदाहरण के लिए, $f(x)=x^3$, $f'(0)= 0$.

परंतु फलन $x = 0$ पर चरम मान नहीं रखता है, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है।

(iii) फलन $y=|x|$ को लेने पर जो $x = 0$ पर अवकलज नहीं रखता है परंतु इस बिन्दु पर फलन का न्यूनतम मान $y= 0$ प्राप्त होता है तथा अन्य बिन्दुओं पर $y > 0$ जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है।



इस प्रकार, एक फलन केवल दो स्थितियों में ही चरम मान रखता है, या तो अवकलज का अस्तित्व होने पर उस बिन्दु पर अवकलज का मान शून्य हो अथवा उस बिन्दु पर जहाँ अवकलज का अस्तित्व न हो। एक बिन्दु जिस पर अवकलज शून्य के बराबर हो अथवा अस्तित्व में न हो, क्रांतिक बिन्दु कहलाता है।

अतः यह प्राप्त होता है कि, प्रत्येक क्रान्तिक बिन्दु पर फलन उच्चिष्ठ या निम्निष्ठ मान नहीं रखता है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

एक फलन के चरम मानों को ज्ञात करने की क्रियाविधि-

(i) सर्वप्रथम y= f(x) मान लीजिए।

(ii) $\frac{dy}{dx}$ = f'(x) ज्ञात कीजिए।

(iii) f'(x) = 0 को हल कीजिए, माना $a_1,a_2,a_3,......$ x के क्रान्तिक मान अथवा मूल हैं। जिन पर फलन के चरम मान हो सकते हैं।

(iv) x = a_1, लेते हैं, यदि f'(x) अन्तराल (a_1-h, a_1+h) में धनात्मक चिन्ह से ऋणात्मक चिन्ह में परिवर्तित होता है तो x = a_1 पर फलन स्थानीय उच्चिष्ठ मान रखता है। यदि f'(x) अन्तराल (a_1-h, a_1+h) में ऋणात्मक चिन्ह से धनात्मक चिन्ह में परिवर्तित होता है, जैसा कि समी. (5) एवं (6) में दर्शाया गया है, तो फलन x = a_1, पर स्थानीय निम्निष्ठ मान रखता है।

यदि अन्तराल (a_1-h, a_1+h) पर f'(x) के चिन्ह में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो x = a_1 फलन f(x) का नति-परिवर्तन बिन्दु कहलाता है।

इसी प्रकार x के अन्य मानों के लिए भी यही प्रक्रिया अपनाते हैं।

नोट- यदि किसी बिन्दु पर वक्र की स्पर्श रेखा वक्र को काटती है, तो वह बिन्दु वक्र का नति-परिवर्तन बिन्दु कहलाता है।

उच्च कोटि अवकल परीक्षण (Higher Order Derivative Test)

प्रथम कोटि के अवकल परीक्षण की मदद से स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ ज्ञात कर सकते हैं, किन्तु f(x) के चिन्ह के परिवर्तन को ज्ञात करने में समय लगता है और कठिनाई आती है। f(x) जिन बिन्दुओं से गुजरता है वे बिन्दु f'(x)= 0 से दिये जाते हैं। अन्य परीक्षण जिसे हम उच्च कोटि अवकल परीक्षण से जानते हैं, इससे स्थानीय उच्चिष्ठ और स्थानीय निम्निष्ठ को आसांनी और जल्दी से ज्ञात कर सकते हैं। इस स्थिति में हम निम्न प्रमेय का प्रयोग करते हैं-

माना f अन्तराल I में अवकलनीय फलन है और a, I का आन्तरिक बिन्दु इस प्रकार है।

F'(a) = f''(a) = f'''(a) =.......=$f^{n-1}(a)$ = 0,

किन्तु $f^n(a)$ विद्यमान है और यह शून्य के बराबर नहीं है और यदि-

(i) n सम है और $f^n(a)<0$, तब x = a स्थानीय उच्चिष्ठ का बिन्दु है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(ii) n सम है और $f^{(n)}(a) > 0$, तब $x = a$ स्थानीय निम्निष्ठ का बिन्दु है।

(iii) n विषम है तब, $x = a$ न तो स्थानीय उच्चिष्ठ और न ही स्थानीय निम्निष्ठ का बिन्दु है।

कार्यविधि

1. $f'(x)$ ज्ञात करते हैं।

2. समीकरण $f'(x) = 0$ को हल करने पर x के वास्तविक मान प्राप्त करते हैं, माना ये बिन्दु $x_1, x_2, x_3,$.........

3. $f''(x)$ज्ञात करते हैं और इसमें x के $x_1, x_2, x_3,$......... मानों को एक-एक करके रखते हैं

(i) यदि $f''(x_1) < 0$, तब $f(x_1)$ स्थानीय उच्चिष्ठ मान है।

(ii)यदि $f''(x_1) > 0$, तब $f(x_1)$ स्थानीय निम्निष्ठ मान है।

(iii) यदि $f''(x_1) = 0$, $f'''(x)$ ज्ञात करते हैं और इसमें x के लिये x_1 रखते हैं।

4. यदि $f'''(x_1) \neq 0$, तब यह $x = x_1$ पर न तो उच्चिष्ठ है और न ही निम्निष्ठ है।

5. यदि $f'''(x) = 0$, $f^{(iv)}(x)$ ज्ञात करते हैं और इसमें x के लिये x_1 रखते हैं-

(i) $f^{(iv)}(x_1) < 0$, तब $f(x_1)$ स्थानीय उच्चिष्ठ मान है।

(ii) $f^{(iv)}(x_1) < 0$, तब $f(x_1)$ स्थानीय निम्निष्ठ मान है।

(iii) fi $f^{(iv)}(x_1) = 0$, हम $f^{(v)}(x)$ ज्ञात करते हैं तथा उपर्युक्त क्रिया दुहराते हैं इसी प्रकार $x_2, x_3,$..... मानों के लिये भी परीक्षण करते हैं।

परम उच्चिष्ठ तथा परम निम्निष्ठ (Absolute Maxima and Absolute Minima)

माना [a, b] एक बन्द अन्तराल है, जिस पर फलन f (x) परिभाषित है।

माना $f'(x) = 0$ **के** $[a, b]$ **में**

$\Rightarrow x = x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots, x_n.$

तब

(i) $f(a), f(x_1), f(x_2), \ldots\ldots, f(x_n), f(b)$ में सबसे बड़ा मान f(x) का परम उच्चिष्ठ मान कहलाता है। इसे अन्तराल [a,b] में f(x) का केवल उच्चिष्ठ मान भी कहते हैं।

(ii) $f(a), f(x_1), f(x_2), \ldots\ldots, f(x_n), f(b)$ में सबसे न्यूनतम मान f(x) का निम्निष्ठ मान कहलाता है। इसे अन्तराल [a, b] में f(x) का केवल निम्निष्ठ मान भी कहते हैं।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उदाहरण-

उदाहरण: y = x(5-x),x के किस मान के लिए उच्चिष्ठ या निम्निष्ठ है?

हल: दिया है: y = x(5-x)

⇒ y = 5x-x

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\Rightarrow \quad \frac{dy}{dx}=\frac{d}{dx}(5x-x^2)$$

$$=5\frac{d}{dx}x-\frac{d}{dx}x^2$$

$$\Rightarrow \quad \frac{dy}{dx}=5-2x \qquad ...(1)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2y}{dx^2}=\frac{d}{dx}(5-2x)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2y}{dx^2}=-2 \qquad ...(2)$$

उच्चिष्ठ और निम्निष्ठ के लिए,

$$\frac{dy}{dx}=0$$

$$\Rightarrow \quad 5-2x=0$$

$$\Rightarrow \quad 2x=5$$

$$\Rightarrow \quad x=\frac{5}{2}$$

$x=\frac{5}{2}$ पर $\frac{d^2y}{dx^2}=-2$ जो ऋणात्मक है। [समी. 2 से]

$\therefore\ x=\frac{5}{2}$ पर दिया गया फलन उच्चिष्ठ है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उच्चिष्ठ मान $= y = \frac{5}{2}\left(5-\frac{5}{2}\right) = \frac{25}{4}.$

उदाहरण: प्रथम अवकलज परीक्षण द्वारा निम्नलिखित फलनों के स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु ज्ञात कीजिए। स्थिति अनुसार, स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ मान भी ज्ञात कीजिए-

$$f(x) = x^3 - 6x^2 + 9x + 15$$

हल : दिया है, $f(x) = x^3 - 6x^2 + 9x + 13$

$\therefore \quad f'(x) = 3x^2 - 12x + 9$

$$= 3(x^2 - 4x + 3) = 3(x-1)(x-3)$$

स्थानीय उच्चिष्ठ या स्थानीय निम्निष्ठ के लिए,

$$f'(x) = 0 \Rightarrow 3(x-1)(x-3) = 0 \Rightarrow x = 1, 3$$

अब हमें परीक्षण करना है कि क्या बिन्दु $x = 1$ और $x = 3$ स्थानीय उच्चिष्ठ बिन्दु या स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु हैं या नहीं ?

x = 1 लेने पर, इस स्थिति में, जब x, 1 से किंचित् छोटा है; यह स्पष्ट है कि (x-1) ऋणात्मक है और (x-3) भी ऋणात्मक है। इसलिए f'(x)=3(x-1)(x-3) धनात्मक है।

जब x, 1 से किंचित् बड़ा है तब (x -1) धनात्मक है और (x-3) ऋणात्मक है, अत: f'(x) ऋणात्मक है।

इस प्रकार, जब x = 1 के बायीं ओर से दायीं तरफ x में वृद्धि होती है तब f(x) का चिन्ह धनात्मक से परिवर्तित होकर ऋणात्मक में बदल जाता है।

इसलिए x = 1 एक स्थानीय उच्चिष्ठ बिन्दु है।

$\therefore$ **स्थानीय उच्चिष्ठ मान** $= f(1)$

$$= 1^3 - 6 \times 1^2 + 9 \times 1 + 15$$
$$= 19$$

x = 3 लेने पर, इस स्थिति में, जब x किंचित् छोटा है 3 से, तब f'(x) = 3(x-1)(x-3) ऋणात्मक होगा। क्योंकि (x-1) धनात्मक तथा (x-3) ऋणात्मक है।

पुनः, जब x किंचित् बड़ा है 3 से, तब (x-1) और (x-3) दोनों धनात्मक होंगे।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

इस प्रकार, जब x = 3 के बायीं ओर से दायीं ओर x में वृद्धि होती है तब f'(x) का चिन्ह ऋणात्मक से धनात्मक में परिवर्तित होता है। इसलिए x = 3 एक स्थानीय निम्निष्ठ बिन्दु है।

$\therefore$ **स्थानीय निम्निष्ठ मान** $= f(3)$

$$= 3^3 - 6\times3^2 + 9\times3 + 15$$
$$= 27 - 54 + 27 + 15 = 15$$

अतः x = 1 पर स्थानीय उच्चिष्ठ मान 19 तथा x = 3 पर स्थानीय निम्निष्ठ मान 15 है।

उदाहरण: सिद्ध कीजिए कि किसी दिये हुए गोले के अन्तर्गत उच्चिष्ठ आयतन के शंकु की ऊँचाई का गोले के व्यास से अनुपात 2:3 है।

हल: माना गोले का केन्द्र 0 और उसका व्यास AE = d है तथा गोले के अन्तर्गत शंकु (ABC) की ऊँचाई AD =x है। यदि शंकु के आधार की त्रिज्या और उसका आयतन V हो, तो

$$V = \frac{1}{3}\pi r^2 x \qquad ...(1)$$

ज्यामिति से हम जानते हैं कि

$$BD^2 = AD.DE$$
$$\Rightarrow \quad r^2 = x(d-x) \qquad ...(2)$$
$$\Rightarrow \quad r^2 = dx - x^2$$

उपर्युक्त से r^2 का मान समी. (1) में रखने पर,

$$V = \frac{1}{3}\pi(dx - x^2)x$$
$$\Rightarrow \quad V = \frac{1}{3}\pi(dx^2 - x^3)$$
$$\therefore \quad \frac{dV}{dx} = \frac{1}{3}\pi(2dx - 3x^2)$$

और $$\frac{d^2V}{dx^2} = \frac{1}{3}\pi(2d - 6x).$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



$\because$ V के उच्चिष्ठ अथवा निम्निष्ठ मान के लिए $\frac{dV}{dx}=0,$

$\therefore \quad \frac{1}{3}\pi(2dx-3x^2)=0$

$\Rightarrow \quad 2dx-3x^2=0$

$\Rightarrow \quad x(2d-3x)=0$

$\Rightarrow \quad x=0,\frac{2d}{3}$

किन्तु शंकु की ऊँचाई x शून्य नहीं हो सकती, अतएव

$x=\frac{2d}{3}.$

अब $x=\frac{2}{3}d$ पर $\frac{d^2V}{dx^2}$ का मान $=\frac{1}{3}\pi(2d-6.\frac{2}{3}d)$

$=-\frac{2}{3}\pi d,$ (जो ऋणात्मक है।)

अतएव $x=\frac{2}{3}d$ पर शंकु का आयतन उच्चिष्ठ है। इस अवस्था में,

$\frac{x}{d}=\frac{2}{3}$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\Rightarrow \quad x : d = 2 : 3$$

अत: उच्चिष्ठ आयतन के लिए शंकु की ऊँचाई और गोले के व्यास में 2 : 3 का अनुपात है। यही सिद्ध करना था।

उदाहरण: सिद्ध कीजिए कि किसी शंकु के अन्तर्गत अधिकतम वक्र पृष्ठ वाले बेलन की त्रिज्या शंकु के आधार की त्रिज्या की आधी होती है।

हल: माना CB = r = शंकु के आधार की त्रिज्या

CV = h = शंकु की ऊँचाई

CP = x = शंकु के अन्तर्गत बेलन की त्रिज्या

CQ = बेलन की ऊंचाई



$$\Delta VQR \sim \Delta VCB$$

$$\therefore \quad \frac{VQ}{VC} = \frac{QR}{CB} \Rightarrow \frac{CV - CQ}{CV} = \frac{CP}{CB}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{h - CQ}{h} = \frac{x}{r} \Rightarrow hr - r.CQ = xh$$

$$\Rightarrow \quad hr - xh = rCQ$$

$$\therefore \quad CQ = \frac{h(r-x)}{r} \qquad ...(1)$$

यहाँ शंकु एवं उसकी त्रिज्या व ऊंचाई दी है। अब अन्तः बेलन का वक्र पृष्ठ

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$S = 2\pi x.CQ$$

$\Rightarrow$ $$S = \frac{2\pi x.h(r-x)}{r}$$

या $$S = \frac{2\pi h}{r}(rx - x^2) \quad ...(2)$$

$\therefore$ $$\frac{dS}{dx} = \frac{2\pi h}{r}(r-2x)$$

तथा $$\frac{d^2S}{dx^2} = \frac{2\pi h}{r}(0-2)$$

$\Rightarrow$ $$\frac{d^2S}{dx^2} = \frac{-4\pi h}{r}$$

वक्र पृष्ठ के उच्चिष्ठ या निम्निष्ठ के लिए,

$$\frac{dS}{dx} = 0 \Rightarrow \frac{2\pi h}{r}(r-2x) = 0$$

$\therefore$ $$r - 2x = 0 \Rightarrow x = \frac{r}{2}$$

चूँकि $$\frac{d^2S}{dx^2} = -\frac{4\pi h}{r} < 0$$

अतः शंकु के अंतर्गत बेलन के अधिकतम वक्रपृष्ठ के लिए

$x = \frac{r}{2}$. यही सिद्ध करना था।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 6.1 (पृष्ठ संख्या 213-215)

प्रश्न 1. वृत्त के क्षेत्रफल के परिवर्तन की दर इसकी त्रिज्या r के सापेक्ष ज्ञात कीजिए, जबकि

i. r = 3 सेमी है
ii. r = 4 सेमी है।

उत्तर-

i. माना वृत्त का क्षेत्रफल A है, तब

$$A = \pi r^2$$
$$\Rightarrow \frac{dA}{dr} = \frac{d}{dr}(\pi r^2) = 2\pi r \text{ सेमी}^2/\text{ सेकण्ड}$$
$$\Rightarrow \left(\frac{dA}{dr}\right)_{r=3} = 2\pi \times 3 = 6\pi \text{ सेमी}^2/\text{ सेकेण्ड}$$

अत: क्षेत्रफल के परिवर्तन की दर 6π सेमी^{2}/सेकण्ड है।

ii. माना वृत्त का क्षेत्रफल A है, तब

$$A = \pi r^2$$
$$\Rightarrow \frac{dA}{dr} = \frac{d}{dr}(\pi r^2) = 2\pi r \text{ सेमी}^2/\text{ सेकण्ड}$$
$$\Rightarrow \left(\frac{dA}{dr}\right)_{r=4} = 2\pi \times 4 = 8\pi \text{ सेमी}^2/\text{ सेकेण्ड}$$

अत: क्षेत्रफल के परिवर्तन की दर 8π सेमी^{2}/ सेकण्ड है।

प्रश्न 2. एक घन का आयतन 9 सेमी^{3}/ सेकेण्ड की दर से बढ़ रहा है। यदि इसकी कोर की लम्बाई 10 सेमी है तो इसके पृष्ठ का क्षेत्रफल किस दर से बढ़ रहा है?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- माना घन की कोर = x सेमी, घन का आयतन = V तथा पृष्ठ क्षेत्रफल = S

तब V = x^3 तथा S = $6x^2$ जहाँ x समय t को फलन है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{dV}{dt} = 9$ सेमी^{2}/ सेकेण्ड

या $9 = \frac{dV}{dt} = \frac{d}{dt}(x^3) = \frac{d}{dx}(x^3)\frac{dx}{dt} = 3x^2\frac{dx}{dt}\ldots(i)$

$\Rightarrow \frac{dx}{dt} = \frac{9}{3x^2} = \frac{3}{x^2}$

$\therefore \frac{dS}{dt} = \frac{d}{dt}(6x^2) = \frac{d}{dx}(6x^2).\frac{dx}{dt} = 12x.\frac{3}{x^2} = \frac{36}{x}\ldots(i)$ से

$\therefore x = 10$ सेमी लेने पर, $\frac{dS}{dt} = \frac{36}{10} = 3.6$ सेमी^{2}/ सेकण्ड

अतः पृष्ठ क्षेत्रफल 3.6 सेमी^{2}/ सेकण्ड की दर से बढ़ रहा है।

प्रश्न 3. एक वृत्त की त्रिज्या समान रूप से 3 सेमी/ सेकण्ड की दर से बढ़ रही है। ज़ात कीजिए की वृत्त का क्षेत्रफल किस दर से बढ़ रहा है जब त्रिज्या 10 सेमी है?

उत्तर- मानी वृत्त की त्रिज्या r सेमी है, तब वृत्त का क्षेत्रफल A = πr^2 सेमी^{2}

प्रश्नानुसार,

सेमी/ सेकण्ड ...(i)

तब $\frac{dA}{dt} = \frac{d}{dt}(\pi r^2) = \frac{d}{dr}(\pi r^2)\frac{dr}{dt}$

$= 2\pi r.3$ सेमी^{2}/ सेकण्ड ...(i)

$= 6\pi r$ सेमी^{2} / सेकण्ड

$\therefore \left(\frac{dA}{dt}\right)_{r=10} = 6\pi \times 10$ सेमी^{2}/ सेकण्ड $= 60\pi$ सेमी^{2}/सेकण्ड

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अत: क्षेत्रफल के परिवर्तन की दर 60π सेमी²/सेकण्ड है।

प्रश्न 4. एक परिवर्तनशील घन का किनारा 3 सेमी/ सेकण्ड की दर से बढ़ रहा है घन का आयतन किस दर से बढ़ रहा है जबकि किनारा 10 सेमी लम्बा है?

उत्तर- माना घन का आयतन = V तथा भुजा = a है,

तब $V = a^3$ ज्ञात है

$\frac{da}{dt}$ = 3 सेमी/ सेकण्ड, a = 10 सेमी

∴ समय के सापेक्ष आयतन के परिवर्तन की दर

$$\frac{dV}{dt} = 3a^2\frac{da}{dt} = 3 \times (10)^2 \times 3 = 9 \times 100 = 900 \text{ सेमी}^2/\text{ सेकण्ड}$$

अतः जब घन का किनारा 10 cm लम्बा हो तब घन का आयतन 900 सेमी²/ सेकण्ड की दर से बढ़ रहा है।

प्रश्न 5. एक स्थिर झील में एक पत्थर डाला जाता है और तरंगें वृत्तों में 5 सेमी/ सेकण्ड की गति से चलती है। जब वृत्ताकार तरंग की त्रिज्या 8 सेमी है तो उस क्षण घिरा हुआ क्षेत्रफल किस दर से बढ़ रहा हैं?

उत्तर-

दिया है- $\frac{dr}{dt} = 5$ सेमी/ सेकण्ड, r = 8 सेमी

माना तरंगों से बने वृत्त का क्षेत्रफल A सेमी² है।

तब $A = \pi r^2$

$$\Rightarrow \frac{dA}{dt} = 2\pi r\frac{dr}{dt} \ldots (i)$$

r तथा $\frac{dr}{dt}$ का मान समी. (1) में रखने पर, $\frac{dA}{dt} = 2\pi \times 8 \times 5 = 80\pi$ सेमी²/ सेकण्ड

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अतः जब तरंग की त्रिज्या 8 सेमी हो तब तरंगों द्वारा घिरा हुआ क्षेत्रफल 80π सेमी^{2}/ सेकण्ड की दर से बढ़ रहा है।

प्रश्न 6. एक वृत्त की त्रिज्या 0.7 सेमी/ सेकण्ड की दर से बढ़ रही है। इसकी परिधि की वृद्धि की दर क्या है। जब r = 4.9 सेमी है?

उत्तर- माना वृत्त की त्रिज्या r सेमी है, तब परिधि C = πr

प्रश्नानुसार,

$$\frac{dr}{dt} = 0.7 \text{ सेमी/ सेकण्ड}$$

$$\frac{dc}{dt} = \frac{d}{dt}(2\pi r) = \frac{d}{dt}(2\pi r)\frac{dr}{dt}$$

$$= 2\pi.(0.7) \text{ सेमि/ सेकण्ड} = 1.4\pi \text{ सेमी/ सेकण्ड}$$

अतः वृत्त की परिधि 1.4π सेमी/ सेकण्ड की दर से बढ़ रही है।

प्रश्न 7. एक आयत की लम्बाई x, 5 सेमी/मिनट की दर से घट रही है और चौड़ाई y, 4 सेमी/मिनट की दर से बढ़ रही है। जब x = 8 सेमी और y = 6 सेमी है। तब आयत के

a. परिमाप
b. क्षेत्रफल के परिवर्तन की दर ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

ज्ञात है- $\frac{dx}{dt} = 5$ सेमी/मिनट

तथा $\frac{dy}{dt} = 4$ सेमी/मिनट

माना आयत का क्षेत्रफल = A सेमी^{2}, परिमाप = p सेमी

लम्बाई = x सेमी, चौड़ाई = y सेमी

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

a. परिमाप p = 2(x + y)

$$\therefore \frac{dp}{dt} = 2\left(\frac{dx}{dt} + \frac{dy}{dt}\right)$$

$$= 2(-5 + 4) = -2 \text{ सेमी/ मिनट}$$

अतः आयत का परिमाप 2 सेमी/ मिनट की दर से घट रहा हे।

b. आयत का क्षेत्रफल A = xy

$$\therefore \frac{dA}{dt} = \frac{dx}{dt}y + x\frac{dy}{dt} \ldots (i)$$

ज्ञात है - $\frac{dx}{dt} = -5, \frac{dy}{dt} = 4$

समी. (1) में x = 8 सेमी, y = 6 सेमी, $\frac{dx}{dt} = -5, \frac{dy}{dt} = 4$ रखने पर,

$$\frac{dA}{dt} = -5 \times 6 + 8 \times 4 = -30 + 32 = 2 \text{ सेमी}^2\text{/ सेमी}$$

अतः आयत का क्षेत्रफल 2 सेमी^{2}/सेमी की दर से बढ़ रहा है।

प्रश्न 8. एक गुब्बारा जो सदैव गोलाकर रहता है, एक पम्प द्वारा 900 सेमी^{3}/सेकण्ड की दर से फुलाया जाता है। गुब्बारे की त्रिज्या के परिवर्तन की दर ज्ञात कीजिए जब त्रिज्या 15 सेमी है।

उत्तर- माना गुब्बारे की त्रिज्या = r तथा आयतन = V

$$V = \frac{4}{3}\pi r^3 \text{ सेमी}^3$$

प्रशनानुसार, $= \frac{dV}{dt} = 900$ सेमी^{3}/ सेकण्ड

$$\Rightarrow \frac{d}{dt}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right) = 900 \text{ सेमी}^3\text{/ सेकण्ड या } \frac{d}{dt}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right)\frac{dr}{dt} = 900$$

$$\Rightarrow 4\pi r^2 \frac{dr}{dt} = 900 \text{ या } \frac{dr}{dt} = \frac{900}{4\pi r^2} \text{ सेमी/ सेकण्ड}$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\therefore \left(\frac{dr}{dt}\right)_{r=15} = \frac{900}{4\times\pi\times(15)^2} = \frac{900}{4\times\pi\times15\times15} = \frac{1}{\pi} \text{ सेमी/ सेकण्ड}$$

अतः त्रिज्या के परिवर्तन की दर $\frac{1}{\pi}$ सेमी/ सेकण्ड है।

प्रश्न 9. एक गुब्बारा जो सदैव गोलाकार रहता है कि त्रिज्या परिवर्तनशील है। त्रिज्या के सापेक्ष आयतन के परिवर्तन की दर ज्ञात कीजिए जब त्रिज्या 10 सेमी है।

उत्तर- माना गुब्बारे का आयतन = V तथा त्रिज्या = r

$$\therefore V = \frac{4}{3}\pi r^3$$

$$\therefore \frac{dV}{dr} = \frac{4}{3}\pi \times 3\, r^2 = 4\pi r^2$$

$$\frac{dV}{dr} = 4\pi \times 10 \times 10 [\because r = 10 \text{ सेमी}] = 400\pi \text{ सेमी}^3/\text{सेमी}$$

अतः जब त्रिज्या 10 सेमी हो तब गुब्बारे का आयतन 400π सेमी^{3}/सेमी की दर से बढ़ता है।

प्रश्न 10. एक 5 मी लम्बी सीढी दीवार के सहारे झुकी है। सीढ़ी का नीचे का सिरा जमीन के अनुदिश दीवार से दूर 2 मी/ सेकण्ड की दर से खींचा जाता है। दीवार पर इसकी ऊँचाई किस दर से घट रही है जबकि सीढ़ी को नीचे का सिरा दीवार से 4 मी दूर है।

उत्तर- माना दीवार OC है तथा किसी क्षण सीढ़ी AB की स्थिति इस प्रकार है कि OA = x और OB = y

OA = X और OB = y

सीढ़ी की लम्बाई AB = 5 मी

प्रश्नानुसार, $\frac{dx}{dt} = 2$ मी/ सेकण्ड

समकोण $\triangle AOB$ से

$$x^2 + y^2 = 25 \Rightarrow 2x.\frac{dx}{dt} + 2y.\frac{dy}{dt} = 0$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



$$\Rightarrow 2x.2 + 2y.\frac{dx}{dt} = 0\left(\because \frac{dx}{dt} = 2\right)$$

$$\Rightarrow \frac{dy}{dt} = \frac{-2x}{y} \text{ मी/ सेकण्ड}$$

अतः $x = 4$ पर, $y = \sqrt{5^2 - 4^2} = 3$

(i) में $x = 4$ तथा $y = 3$ रखने पर, $\frac{dy}{dt} = \frac{-8}{3}$ मी/ सेकण्ड

अतः दीवार पर सीढ़ी की ऊँचाई $\frac{8}{3}$ मी/ सेकण्ड की दर से घट रही है।

प्रश्न 11. एक कण वक्र $6y = x^3 + 2$ के अनुगत गति कर रहा है। वक्र पर उन बिन्दुओं को ज्ञात कीजिए जबकि x निर्देशांक की तुलना में y निर्देशांक 8 गुना तीव्रता से बदल रहा है।

उत्तर- दिया है-

$6y = x^3 + 2$ और $\frac{dy}{dt} = 8\frac{dx}{dt}$

t के सापेक्ष अवकलन करने पर,

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$6\frac{dy}{dt} = 3x^2\frac{dx}{dt} + 0 \Rightarrow 6 \times 8\frac{dx}{dt} = 3x^2\frac{dx}{dt}$$

$$\Rightarrow x^2 = 48 \Rightarrow x^2 = 16 \Rightarrow x = \pm 4$$

धनात्मक चिन्ह लेने पर, $6y = 64 + 2 = 66 \Rightarrow y = \frac{66}{6} = 11$

ऋणात्मक चिन्ह लेने पर, $6y = -64 + 2 = -62 \Rightarrow y = -\frac{62}{6} = -\frac{31}{3}$

$\therefore$ अभीष्ट बिंदु है (4, 11) तथा $\left(-4, -\frac{31}{3}\right)$

प्रश्न 12. हवा के बुलबुले की त्रिज्या, $\frac{1}{2}$ सेमी/सेकण्ड की दर से बढ़ रही है। बुलबुले का आयतन किस दर से बढ़ रहा है जबकि त्रिज्या 1 सेमी है?

उत्तर- माना बुलबुले की त्रिज्या = r तथा बुलबुले का आयत

$$V = \frac{4}{3}\pi r^3$$

प्रश्नानुसार, $\frac{dr}{dt} = \frac{1}{2}$ सेमी/ सेकण्ड

पुनः $\frac{dV}{dt} = \frac{d}{dt}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right) = \frac{d}{dr}\left(\frac{4}{3}\pi r^2\right).\frac{dr}{dt}$

या $\frac{dV}{dt} = \pi r^2.\frac{1}{2} = 2\pi r^2$ सेमी^{3}/ सेकण्ड

$\therefore \left(\frac{dV}{dt}\right)_{r=1} = 2\pi(1)^2 = 2\pi$ सेमी/ सेकण्ड

अतः बुलबुले का आयतन 2π सेमी^{3}/ सेकण्ड की दर से बढ़ रहा है।

प्रश्न 13. एक गुब्बारा जो सदैव गोलाकार रहता है, का परिवर्तनशील व्यास $\frac{3}{2}(2x + 1)$ है। x के सापेक्ष आयतन के परिवर्तन की दर ज्ञात कीजिए।

उत्तर- प्रश्नानुसार,

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

गोलाकार गुब्बारे का व्यास $= \frac{3}{2}(2x+1)$

$\therefore$ त्रिज्या $r = \frac{3}{4}(2x+1) \therefore \frac{dr}{dx} = \frac{3}{4}(2) = \frac{3}{2}$

गोलाकार गुब्बारे का आयतन $V = \frac{4}{3}\pi r^3$

तब $\frac{dV}{dx} = \frac{d}{dx}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right) = \frac{d}{dr}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right).\frac{dr}{dx} = 4\pi r^2.\frac{3}{2}$

$= 6\pi r^2 = 6\pi\left[\frac{3}{4}(2x+1)\right]^2 = \frac{54}{16}\pi(2x+1)^2 = \frac{27}{8}\pi(2x+1)^2$

अतः x के सापेक्ष अयातन के परिवर्तन की दर $\frac{27}{8}\pi(2x+1)^2$ है।

प्रश्न 14. एक पाइप से रेत 12 सेमी³/ सेकण्ड की दर से गिर रही है। गिरती रेत जमीन पर एक ऐसा शंकु बनाती है जिसकी ऊँचाई सदैव आधार की त्रिज्या का छठा भाग है। रेत से बने शंकु की ऊँचाई किस दर से बढ़ रही है जबकि ऊँचाई 4 सेमी है?

उत्तर- माना किसी क्षण t है पर शंकु की त्रिज्या r, ऊँचाई h तथा आयतन V है।

$h = \frac{r}{6}(2r+1)$

$\Rightarrow r = 6h$

$\therefore V = \frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3}\pi(6h)^2 h = 12\pi h^3$

अब $\frac{dV}{dt} = \frac{dV}{dh} \times \frac{dh}{dt}$

$\Rightarrow 12 = \frac{d}{dh}(12\pi h^3) \times \frac{dh}{dt} \Rightarrow 12 = 36\pi h^2 \times \frac{dh}{dt}$

$\Rightarrow \frac{dh}{dt} = \frac{1}{3\pi h^2}$

$\Rightarrow \left(\frac{dh}{dt}\right)_{h=4} = \frac{1}{(3\times\pi\times4\times4)} = \frac{1}{48\pi}$ सेमी/ सेकण्ड

अतः शंकु की ऊँचाई $\frac{1}{48\pi}$ सेमी/ सेकंड की दर से बढ़ रही है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 15. एक वस्तु की x इकाइयों के उत्पादन की कुल लागत C (x) (रुपये में) $C(x) = 0.007x^3 - 0.003x^2 + 15x + 4000$ से प्राप्त होती है। सीमान्त लागत ज्ञात कीजिए जबकि 17 इकाइयों का उत्पादन किया जाता है।

उत्तर- प्रश्नानुसार, $C(x) = 0.007x^3 - 0.003x^2 + 15x + 4000$

$$\Rightarrow \text{सीमांत लागत } MC = \frac{dC}{dx}$$

$$= \frac{d}{dx}(0.007x^3 - 0.003x^2 + 15x + 4000)$$

$$= 0.007 \times 3x^2 - 0.003 \times 2x + 15$$

$$\Rightarrow (MC)_{x=17}$$

$$= \{0.007 \times 3(17)^2\} - \{0.003 \times 2(17)\} + 15$$

$$= 6.069 - 0.102 + 15$$

$$= 20.967$$

अतः 17 इकाइयों के उत्पादन की सीमान्त लागत Rs. 20.967 है।

प्रश्न 16. किसी उत्पाद की x इकाइयों के विक्रय से प्राप्त कुल आय R(x) रुपये में $R(x) = 13x^2 + 26x + 15$ से प्राप्त होती है। सीमान्त आय ज्ञात कीजिए जब x = 7 है।

उत्तर-

प्रश्नानुसार, $R(x) = 13x^2 + 26x + 15$

$$\Rightarrow \text{सीमांत आय } MR = \frac{dR}{dx}$$

$$= \frac{d}{dx}(13x^2 + 26x + 15) = 26x + 26$$

$$(MR)_{x=7} = 26 \times 7 + 26$$

$$= 182 + 26$$

$$= 208$$

अतः अभीष्ट सीमान्त आय Rs 208 है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

